दिनांक–28.08.2024 समय–7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- ग्वालियर में आज होगी तीसरी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, मुख्यमंत्री करेंगे 22 इकाईयों का वर्चुअल भूमिपूजन और लोकार्पण।
- देश में खरीफ फसलों की बुआई में हुई उल्लेखनीय प्रगति, अब तक कुल 1 हजार 65 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में हुई बुआई।
- प्रदेश के नर्मदापुरम, बालाघाट, सागर, शुजालपुर और डिंडोरी में खोले जाएंगे नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय।
- पैरालंपिक खेलों का शुभारंभ आज पेरिस में होगा, भारत का 84 सदस्यीय दल मुकाबले में।

**समाचार विस्तार से:–**

## पैरालंपिक

पैरालंपिक–2024 खेलों का शुभारंभ आज फ्रांस की राजधानी पेरिस में होगा यह 8 सितंबर तक चलेगा। पेरिस पैरालंपिक में कुल 84 भारतीय पैरा एथलीट का दल प्रतिस्पर्धा करेगा। यह पैरालंपिक के इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है। भारत इस बार 22 खेलों में से 12 में प्रतिस्पर्धा करेगा। पैरा साइक्लिग, पैरा जूडो और पैरा रोइंग में भारतीय एथलीट पहली बार प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## खरीफ–फसल

देश में इस वर्ष खरीफ फसल की बुआई में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब तक कुल 1 हजार 65 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खरीफ फसल की बुआई हुई है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान बुआई का क्षेत्रफल लगभग 1 हजार 44 लाख हेक्टेयर था। धान की बुआई का क्षेत्र 394 दशमलव दो–आठ लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो पिछले साल की इसी अवधि के दौरान 378 दशमलव शून्य–चार लाख हेक्टेयर था। दलहन की खेती भी पिछले साल के 115 दशमलव पांच–पांच लाख हेक्टेयर से बढ़कर इस साल 122 दशमलव एक–छह लाख हेक्टेयर हो गई है। मोटे अनाजों, तिलहन की बुआई में भी वृद्धि देखी गई।

## मेडिकल सेंसर

भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिकों ने पार्किंसंस रोग के प्रबंधन की औषधी की मात्रा संयोजित करने के लिए नया स्मार्ट सेंसर विकसित किया है। यह सेंसर स्मार्ट फोन आधारित तथा किफायती है और इसका उपयोग भी सरल है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उन्नत अध्ययन संस्थान ने बताया कि इस सेंसर की मदद से शरीर में एल डोपा की सही मात्रा का पता लगाया जा सकेगा और उसके आधार पर पार्किंसंस रोग को नियंत्रित करने की दवा की आवश्यक मात्रा निर्धारित की जा सकेगी।

## रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव–ग्वालियर

प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों पर शुरू हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखला में आज ग्वालियर में तीसरी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी। ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में होने वाली इस कॉन्क्लेव के लिए सिटी ऑफ म्यूजिक ग्वालियर पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सुबह 10.15 बजे दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में कॉन्क्लेव का उदघाटन सत्र आयोजित होगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर ग्वालियर–चंबल अंचल की 10 औद्योगिक इकाईयों सहित प्रदेश की 22 इकाईयों का वर्चुअल भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि रीजनल कॉन्क्लेव प्रदेश में निरंतर होंगी।

ग्वालियर कॉन्क्लेव में जाने माने उद्योगपतियों के अलावा आधा दर्जन देशों के ट्रेड कमिश्नर एवं औद्योगिक प्रतिनिधि शामिल होने आ रहे हैं। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री उद्योगपतियों से वन–टू–वन बैठक करेंगे। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा राज्य सरकार के मंत्री भी कॉन्क्लेव में शामिल होंगे।

## बिजली बकायादार

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी, ऐसे बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा अपने बकाया बिजली बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके नाम, पते और बकाया राशि की जानकारी को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे वॉट्सऐप, फेसबुक, एक्स एवं इन्स्टाग्राम प्लेटफार्म पर पोस्ट करेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले सभी 16 जिलों के बड़े बिजली बकायादारों के नाम की सूची तैयार कर ली गई है, जिन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किया जाएगा।

## राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

प्रदेश के 3 शिक्षकों को इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चुना गया है। यह जानकारी केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दी गई है। प्रदेश से चयनित शिक्षकों में शासकीय मिडिल स्कूल लिधौरा जिला दमोह के माधव प्रसाद पटेल और शासकीय हाई स्कूल खजुरिया सारंग जिला मंदसौर की सुनीता गोधा हैं। इसके अतिरिक्त डिण्डोरी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय धामनगांव की शिक्षिका श्रीमती सुनीता गुप्ता को भी राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान मिला है। चयनित शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर नईदिल्ली में रजत पदक, प्रशस्ति–पत्र और 50 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जायेगी।

## नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय

प्रदेश के नर्मदापुरम, बालाघाट, सागर, शुजालपुर और डिंडोरी में नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जाएंगे। आयुर्वेदिक महाविद्यालयों की स्थापना में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए कार्य योजना बनाई जाए और जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्राथमिकता से आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जाएं। उन्होंने बताया कि खजुराहो में योग संस्थान की स्थापना के लिए केंद्र सरकार से निरंतर सम्पर्क स्थापित कर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में विभागीय मंत्री इंदर सिंह परमार, और अधिकारी उपस्थित थे।

## तीर्थ–दर्शन योजना–इंदौर

मुख्यमंत्री तीर्थ–दर्शन योजना के तहत इंदौर जिले के बुजुर्गों को रामेश्वरम की यात्रा कराई जायेगी। इसके लिए इंदौर से 21 सितम्बर को विशेष ट्रेन रवाना होगी। यात्रा का सभी खर्च राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा। यात्रा के इच्छुक 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग 11 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इंदौर जिले से 300 यात्रियों को यात्रा कराने का लक्ष्य है। यह ट्रेन 25 सितम्बर को वापस इंदौर आयेगी।

## अचारपुरा भूमि पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीडब्लूई–ओबीटी उद्योग समूह द्वारा स्थापित की जा रही हाइजीन नॉन वूवन यूनिट का भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में भूमि पूजन किया । उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उद्योग समूह नॉन वूवन फैब्रिक की और भी यूनिट्स प्रदेश में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीडब्ल्यूई–ओबीटी को कालीन निर्माण जैसी रोजगार आधारित इकाई भी मध्यप्रदेश में लगाने के लिए आमंत्रित किया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- गुना जिले में पीएम जनमन योजना के तहत ग्राम ऊमरी में बड़ा आयोजन प्रस्तावित है। इस आयोजन में एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।
- खरगोन जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संपत्ति कर वसूली के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है।
- डिंडोरी में जिला प्रशासन द्वारा बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी। जिसके लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अगस्त है।
- रतलाम में कल शासकीय आईटीआई रतलाम में जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधि विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगे।
- राजगढ़ में कल कलेक्टर ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्ष की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्तक की।
- मुरैना में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने कल 102 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं को सुना।
- शिवपुरी में एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं विभिन्न सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए आज एक दिवसीय विशेष परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- श्योपुर स्थित राष्ट्रीय कूनो उद्यान में कल एक चीते की मौत हो गयी। कूनो के खुले जंगल में विचरण कर रहे नामीबियाई नर चीता 'पवन' का शव बरसाती नाले के पास मिला है।
- इंदौर जिले के आवासीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय मानपुर में सत्र 2025–26 कक्षा छटवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।
- निवाड़ी में कलेक्टर ने कल बहेरा, टेहरका, बरईपुरा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर राजस्व अभियान 2.0 में प्रगति की समीक्षा की।
- पन्ना में कल जिला स्तरीय सब–जूनियर, जूनियर, और सीनियर जु जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के 20 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।
- धार में खेल दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा कल से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

..................................

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

(1) ग्वालियर-रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों पर शुरू हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखला में आज ग्वालियर में तीसरी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी। ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में होने वाली इस कॉन्क्लेव के लिए सिटी ऑफ म्यूजिक ग्वालियर पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सुबह 10.15 बजे दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में कॉन्क्लेव का उदघाटन सत्र आयोजित होगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर ग्वालियर-चंबल अंचल की 10 औद्योगिक इकाईयों सहित प्रदेश की 22 इकाईयों का वर्चुअल भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि रीजनल कॉन्क्लेव प्रदेश में निरंतर होंगी।

**बाइट-मुख्यमंत्री**

ग्वालियर कॉन्क्लेव में जाने माने उद्योगपतियों के अलावा आधा दर्जन देशों के ट्रेड कमिश्नर एवं औद्योगिक प्रतिनिधि शामिल होने आ रहे हैं। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री उद्योगपतियों से वन-टू-वन बैठक करेंगे। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा राज्य सरकार के मंत्री भी कॉन्क्लेव में शामिल होंगे।

(2) प्रदेश-बिजली बकायादार

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी, ऐसे बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा अपने बकाया बिजली बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके नाम, पते और बकाया राशि की जानकारी को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे वॉट्सऐप, फेसबुक, एक्स एवं इन्स्टाग्राम प्लेटफार्म पर पोस्ट करेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले सभी 16 जिलों के बड़े बिजली बकायादारों के नाम की सूची तैयार कर ली गई है, जिन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किया जाएगा।

(3) प्रदेश-राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

प्रदेश के 3 शिक्षकों को इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चुना गया है। यह जानकारी केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दी गई है। प्रदेश से चयनित शिक्षकों में शासकीय मिडिल स्कूल लिधौरा जिला दमोह के माधव प्रसाद पटेल और शासकीय हाई स्कूल खजुरिया सारंग जिला मंदसौर की सुनीता गोधा हैं। इसके अतिरिक्त डिण्डोरी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय धामनगांव की शिक्षिका श्रीमती सुनीता गुप्ता को भी राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान मिला है। चयनित शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर नईदिल्ली में रजत पदक, प्रशस्ति-पत्र और 50 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जायेगी।

(4) प्रदेश-नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय

प्रदेश के नर्मदापुरम, बालाघाट, सागर, शुजालपुर और डिंडोरी में नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जाएंगे। आयुर्वेदिक महाविद्यालयों की

स्थापना में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए कार्य योजना बनाई जाए और जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्राथमिकता से आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जाएं। उन्होंने बताया कि खजुराहो में योग संस्थान की स्थापना के लिए केंद्र सरकार से निरंतर सम्पर्क स्थापित कर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में विभागीय मंत्री इंदर सिंह परमार, और अधिकारी उपस्थित थे।

(5) इंदौर-तीर्थ-दर्शन योजना

मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना के तहत इंदौर जिले के बुजुर्गों को रामेश्वरम की यात्रा कराई जायेगी। इसके लिए इंदौर से 21 सितम्बर को विशेष ट्रेन रवाना होगी। यात्रा का सभी खर्च राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा। यात्रा के इच्छुक 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग 11 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इंदौर जिले से 300 यात्रियों को यात्रा कराने का लक्ष्य है। यह ट्रेन 25 सितम्बर को वापस इंदौर आयेगी।

---------------------------------